Title: Need to look into problems arising out of proposed evacuation of Scheduled Tribes people living at Mashrul near Radar Centre, in Bhowargarh District, Nasik, Maharashtra.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : महोदय, भोअरगड, तहसील दिंडोरी, जिला नासिक, महाराट्र में रडार यंत्र स्थित है। भोअरगढ से 13 किलोमीटर दूर मशरुल के पास 25 हजार आबादी, बड़े-बड़े मकान बनाकर रहते हैं और आदिम जाति के लोगों ने मकान बनाने के लिए जगह खरीदी है। यहां नया संकट पैदा हो रहा है। रडार के अधिकारियों ने लोगों को नोटिस भी दे दिया है। 900 मीटर तक अन्य बस्तियों को रहना नहीं चाहिए, उठाना चाहिए। ऐसा होने से उनको भारत सरकार ने करोड़ों रुपया मुआवजा देना जरूरी है। नासिक जिले के कलैक्टर साहब ने संरक्षण विभागों को रिपोर्ट दे दी है कि पुरानी बस्ती यहां से उठाना और नए मकान बनाने के लिए पाबन्दी लगाने की जरूरत नहीं, क्योंकि रडार यंत्र बस्ती से 13 किलोमीटर दूर है।

भारत से मेरी आपके माध्यम से विनती है कि स संबध में खास ध्यान देकर 25 हजार लोगों के ऊपर जो कठिनाई पैदा हो रही है, यह कठिनाई तुरन्त दूर करनी चाहिए और लोगों के मन में जो डर है, वह दूर करना चाहिए।